हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 1 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

13 दृष्टिकोण साफ रखें, आस्था कभी कट्टरता पैदा नहीं करती : अजय



14 देवउठनी एकादशी पर बाजार में गन्ने की भारी मांग, 80 रूपए जोड़ी बिका





## खबर संक्षेप

### वर्षा की गतिविधियों में जल्द आएगी कमी

**धमतरी।** शनिवार से पूरे प्रदेश में वर्षा की गतिविधियों में कमी होने की संभावना है। मौसम विभाग रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंभीर चक्रवाती तूफान मोंथा के सुस्पष्ट कम दाब का क्षेत्र उत्तर पश्चिम झारखंड और इसके आसपास बना हुआ है। इसके बिहार होते हुए उत्तर पूर्व की ओर आगे बढ़ने और कमजोर होकर कम दाब में बदलने की संभावना है। शनिवार को प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। 1 नवम्बर को आसमान सामान्यतः मेघमय रहने तथा हल्की वर्षा हो सकती है। अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान 29 सेल्सियस और 24 सेल्सियस के आसपास रहेगा।

### पेंशनरों की मासिक बैठक 4 को

**मगरलोड।** पेंशनर एसोसिएशन तहसील शाखा मगरलोड की मासिक बैठक 4 नवंबर मंगलवार को स्थानीय पेंशनर कार्यालय मगरलोड में रखी गई है। बैठक में नियमित कार्यक्रम के अलावा जीवित प्रमाण-पत्र 2025 भरा जाना है। पेंशनरों को आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक एवं पीपीओ नंबर की छायाप्रति के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील कार्यालय प्रभारी कोमल सिंह साहू ने की है।

### जल विहार कॉलोनी में ज्ञान यज्ञ कथा 5 से

**धमतरी।** नगर के रूद्री क्षेत्र स्थित जल विहार कॉलोनी में दीवान परिवार द्वारा नव निर्मित गृह प्रवेश के उपलक्ष्य में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक अनुष्ठान 5 से 13 नवम्बर तक चलेगा। कथा का वाचन दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर रूद्री के आचार्य पं. श्री पंकज त्रिवेदी द्वारा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से हरि इच्छा तक किया जाएगा। कथास्थल जल विहार कॉलोनी गली नंबर-3 हनुमान मंदिर के पास रूद्री है। कार्यक्रम की शुरुआत 5 नवम्बर को कलश यात्रा, देव आह्वान, स्थापना और गौरी कथा से होगी। 6 नवम्बर को परिक्षित जन्म, सृष्टि वर्णन और वाराह अवतार का वर्णन होगा। 7 नवम्बर को ध्रुव चरित्र और शिव चरित्र का प्रसंग रहेगा। 8 नवम्बर को जालंधर, द्वारकाधीश तथा प्रह्लाद चरित्र की कथा सुनाई जाएगी। 9 नवम्बर को वामन अवतार, राम अवतार और कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन होगा। 10 नवम्बर को श्रीकृष्ण लीलाएं, मथुरा भ्रमण और गोवर्धन कथा होगी। 11 नवम्बर को कंस वध, रुक्मणि विवाह और रासलीला की कथा होगी। 12 नवम्बर को सुदामा चरित्र, पारिजात मोह और तुलसी विवाह का प्रसंग होगा। 13 नवम्बर गुरुवार को गीता उपदेश, स्वर्गारोहण, सहस्त्रधारा स्नान और भंडारे के साथ कथा का समापन होगा। दीवान परिवार ने नगर के धर्मप्रेमी नागरिकों से कथा श्रवण कर धर्म, भक्ति और ज्ञान का पुण्य लाभ लेने का अनुरोध किया है।



## कृषि विभाग ने फसल नुकसान के 72 घंटे के अंदर सूचना देने कहा

# कटाई के बाद खेतों में पड़ी फसल की वर्षा से क्षति होने पर किसानों को मिलेगा बीमा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

खेतों में कटाई के बाद रखी गई फसल की असामयिक वर्षा या ओलावृष्टि से क्षति होने पर किसानों को फसल बीमा का लाभ मिलेगा। कृषि विभाग ने फसल क्षति से पीड़ित किसानों को बीमा कंपनी के ट्रोल फ्री नंबर 18004190344 पर फसल नुकसान के 72 घंटे के अंदर अनिवार्य रूप से सूचना देने को कहा है। इसके साथ संबंधित कृषि या राजस्व विभाग के मैदानी अमले एवं बैक शाखा को लिखित सूचना देना आवश्यक है।

चक्रवाती तूफान मोंथा के प्रभाव से असामयिक वर्षा होने तथा मौसम विभाग ने आगामी दिनों में असामयिक वर्षा एवं ओलावृष्टि की संभावना व्यक्त की है। ऐसी स्थिति में कटाई उपरांत खेतों में रखे गए धान के करपा को जलभराव से नुकसान होने की आशंका है। कृषि विभाग ने बताया कि अत्यधिक वर्षा से धान की खड़ी फसल को होने वाला नुकसान बीमा आवरण में सम्मलित नहीं है। यानी खड़ी फसल को नुकसान का बीमा लाभ नहीं मिलेगा लेकिन फसल काटकर खेतों में रखे गए करपा के नुकसान होने पर बीमा का लाभ मिलेगा।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि धान की खड़ी फसल में अत्यधिक वर्षा से होने वाली क्षति बीमा कवरेज अंतर्गत नहीं आती है लेकिन कटाई उपरांत खेतों में रखी गई फसल बीमा के दायरे में आती है। असामयिक वर्षा या ओलावृष्टि से फसल के क्षतिग्रस्त होने पर बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर 18004190344 या 14447 पर 72 घंटे के अंदर सूचना देना अनिवार्य है। इसके साथ कृषि या राजस्व विभाग के मैदानी अमले तथा बैंक शाखा को भी लिखित में सूचना दें ताकि खेतों में मौके पर निरीक्षण कर नुकसान का सही आकलन किया जा सके जिससे बीमा क्षतिपूर्ति की कार्रवाई समय पर की जा सके।



### अरली वैरायटी की फसल को हुआ नुकसान

कृषि अधिकारी मोनेश कुमार साहू ने बताया कि उन्होंने फसल का निरीक्षण किया है। कई जगह पर हरूना किस्म के धान की कटाई हुई है। ऐसी फसलों को असामयिक वर्षा से नुकसान पहुंचा है। कटाई उपरांत खेतों में पड़ी फसल की क्षति की सूचना टोल फ्री नंबर तथा कृषि, राजस्व अमले तथा बैंक शाखा में लिखित सूचना देना जरूरी है।

## गुरू घासीदास बाबा को अपमानित करने वाले पर कानूनी कार्रवाई की मांग



- सतनामी समाज ने कोतवाली थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सतनामी समाज ने गुरू घासीदास को गाली-गलौज कर अपमानित करने वाले व्यक्ति के खिलाफ अपराध दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है।

शुक्रवार को सतनामी समाज जिला धमतरी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष विजय सोनवानी, कोमल संभाकर सहित बड़ी संख्या में कोतवाली पहुंचे। समाज के लोगों ने कोतवाली थाना के सामने प्रदर्शन कर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा, जिसमें कहा है कि 29 अक्टूबर 2025 को सोशल मीडिया के माध्यम से सतनामी के अराध्य गुरू घासीदास बाबा को अपमानजनक अपशब्द गाली गलौज करते हुए 24 सेकंड का वीडियो सिंधी कालोनी रायगढ़ निवासी विजय राजपूत ने वायरल किया है। इस घृणित कार्य से सतनामी समाज आहत है और अपमानित महसूस कर रहा है। जानबूझकर समाज को अपमानित करने की नीयत से पोस्ट करने वाले पर अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण एवं भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। मौके पर बड़ी संख्या में सामाजिकगण मौजूद थे।

## नगर निगम कार्यालय में मना राष्ट्रीय एकता दिवस



- आयुक्त प्रिया गोयल ने दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस नगर निगम कार्यालय धमतरी में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयुक्त प्रिया गोयल ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई।

आयुक्त ने कहा कि सरदार पटेल ने अपने अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और दूरदर्शिता से देश की एकता को सशक्त किया। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे सदैव देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए समर्पित रहें। कार्यक्रम में नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता व अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपायुक्त पीसी सार्वा, लेखा अधिकारी दीपक शर्मा उपस्थित थे।

## राष्ट्र की एकता व अखंडता का संदेश देने दौड़ा धमतरी

- राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी 2025 का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

राष्ट्रीय एकता दिवस पर पुलिस विभाग द्वारा आयोजित रन फॉर यूनिटी 2025 में जनप्रतिनिधि, विद्यार्थियों, अधिकारियों एवं नागरिकों ने भाग लेकर राष्ट्र की एकता व अखंडता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया।

सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर एसपी के निर्देशन में शुक्रवार को जिले भर में रन फॉर यूनिटी-एकता की दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ का शुभारंभ जिला मुख्यालय में सुबह 7 बजे जनपद तिराहा से हुआ जो पुलिस लाइन रूद्री पहुंचकर समाप्त हुआ। दौड़ प्रारंभ होने से पूर्व सभी प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय एकता दिवस की प्रतिज्ञा ली तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी, सामाजिक संगठन, स्वयंसेवी संस्थाएं एवं आम नागरिक उपस्थित थे। दौड़ के बाद पुलिस लाइन परिसर में पौधरोपण किया गया। वहीं नशामुक्ति, साइबर सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता के संबंध में प्रदर्शनी व पोस्टरों का अवलोकन कराया गया। इसके बाद रूद्री चौक के समीप स्वच्छता अभियान चलाकर पुलिस जवानों एवं नागरिकों द्वारा सड़क किनारे सफाई की गई।






### जिले भर में हुए विविध कार्यक्रम

राष्ट्रीय एकता दिवस पर जिले के सभी थानों एवं चौकियों में भी एक साथ रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय नागरिकों, विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेटों व स्वयंसेवी संस्थानों ने भाग लिया। सभी स्थानों पर शपथग्रहण के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये। कुरूद, भखारा, मगरलोड, नगरी, बोराई में राष्ट्रीय एकता दिवस पर एकता दौड़ आयोजित की गई।

### देश की सुरक्षा का लिया संकल्प

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित जिले के सभी थाना, चौकी, रक्षित केन्द्र एवं इकाईयों में राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ ग्रहण समोह का आयोजन किया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा का संकल्प लिया।

### देश की अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखें : एसपी

पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने जिलेवासियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए आह्वान किया है कि वे एकजुट हेकर देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखें तथा भाईचारे और सद्भावना के संदेश को आगे बढ़ाएं।

### कार्यक्रम में इनकी रही भागीदारी

राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू, जनपद सदस्य अनिता यादव, डीएफओ श्रीकृष्ण जाधव, सीएसपी अभिषेक चर्तुवेदी, डीएसपी यशकरण दीप ध्रुव, डीएसपी मोनिका मरावी, मीना साहू, थाना प्रभारी रूद्री सहित पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आयोजन में फ्रीडम एकेडमी, मां भारती फिजिकल एकेडमी, मिलिट्री ट्रेनिंग एकेडमी के प्रशिक्षु युवा, पालीटेक्निक कालेज के छात्र-छात्राएं, एनसीसी एवं रेडक्रास के कैडेट्स, नगर सैनिक, सामाजिक संगठन तथा आम नागरिकों की भागीदारी रही।

## नगर निगम के प्रयास से शुरू हुआ नसबंदी अभियान

# धमतरी में अब आवारा कुत्तों पर लगेगी लगाम

- हरियाणा की टीम करेगी 450 कुत्तों की नसबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर में बढ़ती आवारा कुत्तों की संख्या को नियंत्रित करने के लिए नगर निगम ने एक सराहनीय कदम उठाया है। निगम के प्रयास से हरियाणा की एक विशेषज्ञ टीम द्वारा शहरभर में कुत्तों की नसबंदी का अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य न सिर्फ कुत्तों की अनियंत्रित आबादी पर रोक लगानी है, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी है।

नगर निगम अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार हरियाणा की टीम को टेंडर के माध्यम से यह कार्य सौंपा गया है। अनुबंध के तहत कुल 450 कुत्तों की नसबंदी की जानी है। टीम द्वारा पकड़े गए कुत्तों की नसबंदी कर उन्हें तीन दिन तक निगरानी में रखा जाता है, उसके बाद उन्हें उसी स्थान पर सुरक्षित रूप से छोड़ा जा रहा है। दीपावली के बाद से आरंभ हुए इस अभियान में अब तक 15 से अधिक कुत्तों की नसबंदी सफलतापूर्वक की जा चुकी है।



नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि पिछले 15 वर्षों से शहर में कुत्तों की नसबंदी नहीं की गई थी, जिसके चलते उनकी संख्या 10 हजार से अधिक तक पहुंच गई है। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, कॉलोनियों और पार्कों में झुंड बनाकर घूमने वाले कुत्ते नागरिकों और पालतू मवेशियों के लिए खतरा बन गए थे। आए दिन कुत्तों के काटने की घटना सामने आ रही थी, जिससे लोग भयभीत थे। नागरिकों की लगातार मिल रही शिकायतों और मांगों को देखते हुए नगर निगम ने यह निर्णय लिया।

हरियाणा की टीम आधुनिक तकनीक और पशु-कल्याण मानकों के तहत नसबंदी कर रही है। कुत्तों को मानवीय तरीके से पकड़ने, ऑपरेशन के बाद देखभाल और पुनः उनके मूल स्थान पर छोड़ने की पूरी प्रक्रिया अपनाई जा रही है। निगम का कहना है कि अभियान पूरा होने के बाद शहर में आवारा कुत्तों की संख्या में उल्लेखनीय कमी आएगी और नागरिकों को राहत मिलेगी। नागरिकों ने सुझाव दिया कि निगम को शहर में एक स्थायी डॉग हाउस , कुत्ता आश्रय गृह का निर्माण करना चाहिए, जहां घायल, बीमार या आक्रामक कुत्तों की देखभाल की जा सके। इससे न केवल पशु कल्याण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि शहर में दुर्घटनाओं की संभावना भी घटेगी।

नगर निगम ने बताया कि अभियान की नियमित निगरानी की जा रही है और हरियाणा टीम को आवश्यक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। निगम ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे टीम को सहयोग करें, कुत्तों को पत्थर या डंडे से न मारें और नसबंदी कार्य में बाधा न पहुंचाएं।

## आग से झुलसे युवक की मौत



रायपुर के मेकाहारा अस्पताल में भर्ती था युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आग में गंभीर रूप से झुलसे युवक की मेकाहारा अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई ।

उल्लेखनीय है कि गुरूर थाना क्षेत्र के ग्राम कनेरी निवासी हेमचंद ठाकुर-ध्रुव पिता नारदराम उम्र 26 वर्ष ने अज्ञात कारणों से गुरूवार की सुबह घर में अपने ऊपर मिट्टी तेल डालकर आग लगा ली थी। इस घटना में युवक 80 से 90 प्रतिशत तक झुलस गया था। युवक को गंभीर हालत में उपचार के लिये गुरूर अस्पताल से रिफर होने के बाद जिला अस्पताल लाकर बर्न वार्ड में भर्ती किया गया। युवक की नाजुक हालत को देखते हुए डाक्टर ने उसे उपचार के लिये हायर सेन्टर रायपुर रिफर कर दिया। दोपहर बार युवक को रायपुर के मेकाहारा असपताल में भर्ती किया गया था। जहां गुरूवार की देर रात्रि अग्निदग्ध युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। शुक्रवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। सूत्रों के अनुसार युवक ने प्रेम विवाह किया था। युवक को पत्नी का किसी अन्य से संबंध होने का संदेह था। गुरूवार को युवक ने पत्नी को किसी अन्य युवक से मोबाइल पर बात करते देख लिया था जिसके कारण युवक परेशान व दुखी होकर शराब सेवन कर घर पहुंचा और अपने ऊपर मिट्टी तेल डालकर आग लगा ली थी।

## खाद्य विभाग की जांच में हजार से अधिक फर्जी राशन कार्ड निरस्त, 1 लाख जांच के घेरे में

# बड़ा खुलासा ! अधिकारी, व्यापारी और आयकरदाता भी ले रहे पीडीएस का सस्ता चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत गरीबों को सस्ता चावल और अनाज देने की सरकारी मंशा पर अब सवाल उठने लगे हैं क्योंकि जांच में यह सामने आया है कि जिन योजनाओं का उद्देश्य गरीबों की मदद करना था, उनका लाभ अब तक समृद्ध वर्ग के लोग उठा रहे थे। सरकारी अधिकारी, बड़े व्यापारी, आयकरदाता और 5 एकड़ से अधिक भूमि वाले किसान भी वर्षों से गरीबी रेखा बीपीएल और प्राथमिकता श्रेणी के राशन कार्ड बनाकर सस्ता अनाज ले रहे थे। विभाग ने सख्त कार्रवाई शुरू की है। प्रारंभिक जांच में करीब 14 सौ राशन कार्ड निरस्त कर दिए गए हैं, जबकि 1 लाख से अधिक कार्डों की जांच अभी भी जारी है। जांच में ऐसे लोगों की पहचान हुई है जो या तो सरकारी नौकरी में हैं, इनकम टैक्स के दायरे में आते हैं या बड़ी कृषि भूमि के मालिक हैं।

प्राप्त सूची में जिले के 86,127 राशन कार्ड संदेह के दायरे में रखे गए हैं। जिले में 2,58,990 राशन कार्ड जारी है । इनमें से कई कार्ड ऐसे लोगों के नाम पर बने हैं जो सरकारी योजनाओं के पात्र नहीं हैं। वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत अब सभी राशन कार्डों को आधार और पैन कार्ड से लिंक किया जा रहा है। पैन कार्ड लिंक होते ही सॉफ्टवेयर यह स्वतः पहचान लेता है कि संबंधित व्यक्ति आयकरदाता है या नहीं। ई-वेरिफिकेशन के बाद ऐसे लोगों के कार्ड निरस्त कर दिए जा रहे हैं। विभाग ने बताया कि सर्वे प्रक्रिया पारदर्शी है और किसी भी व्यक्ति का नाम बिना सत्यापन के सूची में नहीं जोड़ा गया है।



फाइल फोटो

सूत्रों के अनुसार खाद्य विभाग अब ऐसे लाभार्थियों की सार्वजनिक सूची जारी करने की तैयारी में है, जिन्होंने अनुचित रूप से योजना का लाभ उठाया है। इसके अलावा फर्जी तरीके से मिले खाद्यान्न की वसूली की कार्रवाई भी संभव है। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि जो पात्र नहीं हैं, वे स्वयं आगे आकर अपना राशन कार्ड सरेंडर करें, ताकि सरकारी अनाज और योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंच सके।

यह कार्रवाई जिले में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इससे न केवल पात्र परिवारों को न्याय मिलेगा, बल्कि फर्जीवाड़े पर भी लगाम लगेगी।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969




## खबर संक्षेप

### आठवें वेतन आयोग के गठन से कर्मचारियों में हर्ष

**नगरी।** केंद्र सरकार ने कर्मचारियों के लिए एक बड़ी घोषणा करते हुए 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में 28 अक्टूबर मंगलवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में आयोग के टर्म्स ऑफ रेफरेंस को स्वीकृति दी गई। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश रंजन प्रकाश देसाई को 8वें केंद्रीय वेतन आयोग का चेयरपर्सन नियुक्त किया गया। उनके साथ आईआईएम बेंगलुरु के प्रोफेसर पुलक घोष को अंशकालिक सदस्य तथा पंकज जैन सचिव (पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय) को सदस्य, सचिव के रूप में कार्यभार सौंपा गया है। सरकार के अनुसार 8वां वेतन आयोग एक अस्थायी निकाय होगा, जो अपने गठन की तिथि से 18 महीनों के भीतर अपनी अंतिम सिफारिशें सरकार को सौंपेगा। आवश्यकता पड़ने पर आयोग को अंतरिम रिपोर्ट देने का भी अधिकार होगा। इस निर्णय से केंद्र सरकार के लाखों कर्मचारियों और पेंशनरों में उत्साह का माहौल है। 8वें वेतन आयोग की सिफारिश के आधार पर राज्य सरकार भी अपने कर्मचारी अधिकारी को वेतन-भत्ते प्रदान करेंगे। इससे प्रदेश के लाखों कर्मचारियों एवं पेंशनर लाभान्वित होंगे। नए वेतन आयोग के गठन होने पर छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक शाखा नगरी के ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव, गिरीश जायसवाल, सुरेंद्र कुमार साहू, यशवंत साहू, जोहन नेताम, अशोक साहू, बुधराम नेताम, महेंद्र बोर्झा, देवप्रकाश ताम्रकार, सुरेंद्र नेताम, किशोर कश्यप समेत अनेक कर्मचारियों ने हर्ष जताया है।

### विधिक जागरूकता शिविर में दी कानूनी जानकारी

**पखांजुर।** पखांजुर स्थित खेल मैदान में महत्वपूर्ण विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित लोगों को विभिन्न महत्वपूर्ण कानूनी विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। मुख्य रूप से साईबर अपराध, डॉन योजना मोटरयान अधिनियम, और प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। इसके अतिरिक्त लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निःशुल्क सहायता केंद्र की महत्ता और वहां से मिलने वाली कानूनी सहायता के बारे में भी जागरूक किया गया।

### सेवानिवृत्त सहायक संचालक को ससम्मान दी गई विदाई

**कांकेर।** उद्यानिकी विभाग में लंबे समय से सेवाएं दे रहे सहायक संचालक उद्यान विमल कुमार गौतम 31 अक्टूबर को अपनी सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर कांकेर जिला उद्यानिकी कार्यालय में विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने उनके कार्यों और उनके सरल, व्यवहारिक एवं सहृदय व्यक्तित्व की प्रशंसा करते हुए भावपूर्ण विदाई दी। विमल कुमार गौतम ने अपने 36 वर्षों से अधिक के सेवा काल में धमतरी, कांकेर, कोंडागांव, बिलासपुर, दुर्ग और राजनांदगांव सहित विभिन्न जिलों में सहायक संचालक उद्यान के पद पर अपनी सेवाएं प्रदान की।

## निधन

### श्रीमती शांतिबाई



**मगरलोड।** ग्राम मेघा निवासी शांतिबाई साहू उम्र 62 वर्ष का निधन 29 अक्टूबर बुधवार को हो गया। वे अपने पीछे पुत्र चिरौंजी साहू, पौत्र प्रीतेश साहू सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई। उनकी अंतिम यात्रा में ग्रामीणजन एवं सामाजिकगण उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

सुगन्धित व औषधीय किस्म की फसलें उगाकर प्रदेशभर में हो रहे चर्चित

# हथबंध के युवा किसान थनेन्द्र कृषक अलंकरण पुरस्कार से होंगे सम्मानित

यशवंत गंजीर ⏭ कुरूद

पिछले सात वर्ष से गौ आधारित प्राकृतिक खाद के साथ सुगंधित व औषधीय धान की खेती करने वाले कुरूद ब्लाक के ग्राम हथबंध के युवा किसान थनेन्द्र साहू का राज्य स्तरीय स्तरीय कृषक अलंकरण डा खूबचंद बघेल पुरस्कार के लिए चयन हुआ है। यह पुरस्कार उन्हें राज्योत्सव कार्यक्रम नवा रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं अन्य अतिथियों ने प्रदान किया जायेगा।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के पश्चात पहली बार धमतरी जिले के किसान थनेन्द्र साहू ग्राम हथबंध विकासखंड कुरूद जिला धमतरी को राज्य स्तरीय स्तरीय कृषक अलंकरण डा खूबचंद बघेल पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। वे अपने खेत की मेड़ों पर दलहन, तिलहन फसल भी लेते हैं। विगत वर्षों से गौ आधारित प्राकृतिक खाद जीवामृत, घन जीवामृत एवं कीटनाशक नीमास्त्र, ब्रम्हास्त्र एवं आग्नेयास्त्र घर पर ही तैयार कर स्वयं उपयोग करते हैं, जिससे खेती में होने वाले कृषि लागत में कमी आती है। पर्यावरण पर दुष्प्रभाव भी कम पड़ता है।



### खेत बना प्रयोगशाला, 160 किस्म के धान उगा चुके

किसान थनेन्द्र 4.16 हेक्टेयर रकबा में धान की खेती करते हैं, जिसमें सुगंधित धान नगरी दूबराज, देवभोग, तुलसी मंजरी जंवाफूल, कबीर भोग शामिल हैं। 33 साल के इस युवा किसान करीब 160 तरह के धान की खेती कर चुके हैं। उन्होंने खेत को प्रयोगशाला की तरह बना दिया है वहीं विशेष तौर से विगत सात वर्ष से औषधीय धान-रेड राइस, ब्लैक राइस की खेती कर रहे हैं, जिसकी बाजार में विशेष मांग है। उनके उत्पादित धान का विक्रय राज्य के साथ-साथ अन्य राज्यों में किया जा रहा है।

### राज्य के बाहर भी इनकी उपज की है डिमांड

जिले के साथ-साथ रायपुर, दुर्ग, बालोद, गरियाबंद जिले के किसान भी सम्पर्क कर इनके जैविक आदानों का उपयोग करते हैं। पशुपालन एवं मशरूम उत्पादन के माध्यम से अतिरिक्त आय प्राप्त करते हैं। जैविक उत्पाद को कृषि विभाग एवं अन्य विभाग के माध्यम से मेला में स्टाल लगाकर विक्रय किया जाता है। मालूम हो कि राज्य एवं राज्य के बाहर आनलाइन चावल एवं धान के बीज भी विक्रय किया

### पूर्व सीएम डॉ. रमन भी कर चुके हैं सम्मानित

विगत वर्षों में औषधीय धान की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए फार्म स्कूल का आयोजन भी कृषि विभाग में संचालित आत्मा योजनान्तर्गत किया गया है, जिसमें अन्य 25 कृषकों को भी प्रेरित किया गया। इस कार्य के लिए विकासखंड स्तर, जिला स्तर एवं राज्य स्तर पर डा रमन सिंह पूर्व मुख्यमंत्री छग शासन द्वारा सम्मानित किया गया। कृषि विभाग अन्तर्गत गांव में थनेन्द्र साहू द्वारा नव युवक कृषक अभिरूचि समूह का निर्माण कर युवा किसानों में प्राकृतिक एवं औषधीय धान की खेती के प्रति जागरूक कर प्राकृतिक एवं औषधीय धान की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है।

# संगम समिति का वार्षिक उत्सव 5 को विशिष्ट व्यक्तियों का होगा सम्मान

- काव्य संग्रह भावांजलि व पुस्तक जगन्नाथ झांकी दर्शन और नरसिंग नाथ चरित्र का होगा विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

संगम साहित्य एवं सांस्कृतिक समिति मगरलोड का 29 वां वार्षिक उत्सव 5 नवंबर बुधवार को मनाया जायेगा। समिति के संस्थापक एवं संरक्षक पुनुराम साहू ने बताया कि वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम दो सत्र में संपन्न होगा। प्रथम सत्र दोपहर 12:30 से प्रारंभ होकर 3:30 तक चलेगा।

इस सत्र की मुख्य अतिथि सिहावा विधायक अंबिका मरकाम होंगी। अध्यक्षता जिला हिंदी साहित्य परिषद के अध्यक्ष डूमन लाल ध्रुव करेंगे। विशिष्ट अतिथि बीके अखिलेश दीदी संचालिका ओम शांति सेंटर मगरलोड, नपं अध्यक्ष लीलेश साहू, नपं उपाध्यक्ष रुक्मणि सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष नीतू साहू, बीएमओ डॉ शारदा ठाकुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री दिव्या ठाकुर, पार्षद तिजेश्वरी साहू होंगे। कार्यक्रम में संगम गजानन साहित्य सेवा सम्मान महासमुंद की डॉ अनुसुइया अग्रवाल, संगम सोहेला लोक कला सम्मान पैरी बालोद के लोक गायक सीताराम साहू, संगम प्रेम ललिता समाज सेवा सम्मान धमतरी के शिव प्रधान, संगम तुलसी मानस सेवा सम्मान आराध्या की डॉ सुशीला साहू, संगम मकरंद शिक्षा सेवा सम्मान जितेंद्र पाल कुंडेल, संगम श्याम पर्यावरण सेवा सम्मान शोभाराम ध्रुव और संगम सिरोतन सृजन सम्मान डाभा के भोपालमणि साहू का सम्मान किया जायेगा। कार्यक्रम में लालेश्वर सिन्हा के काव्य संग्रह भावांजलि के विमोचन के साथ ही घनाराम साहू की लिखी पुस्तक जगन्नाथ झांकी दर्शन और नरसिंग नाथ चरित्र पुस्तक का विमोचन होगा।

कार्यक्रम के अंतिम सोपान में छग राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर चर्चा होगी जिसमें रायपुर के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ सुखदेव राम साहू सरस, गीतकार राजेश चौहान, वरिष्ठ पत्रकार डॉ दीनदयाल साहू, दतरेंगी भाटापारा के व्यवसायी भागवत वर्मा, धमतरी के चंद्रशेखर शर्मा, नंद कुमार साहू, महासमुंद के डॉ अनुसुइया अग्रवाल, कामिनी कौशिक, दुलार सिंह साहू, यशोदा साहू और चेतन भारती रायपुर भाग लेंगे।

# मैराथन दौड़ में वरूण, रिंकी रहे अव्वल

- राष्ट्रीय एकता दिवस पर सिहावा में हुई दो किमी मैराथन स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वी जयंती पर पुलिस थाना सिहावा द्वारा युवा युवतियों के लिए मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ बस स्टैंड सिहावा से प्रारंभ होकर शीतला मंदिर स्वागत गेट परिसर से होते हुई पुनः बस स्टैंड सिहावा पहुंची। 2 किलोमीटर की दौड़ हुई। इस प्रतियोगिता में सिहावा थाना क्षेत्र के युवा-युवतियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। युवाओं में इसमें वरूण निषाद प्रथम, द्वितीय राहुल ध्रुव, तृतीय विवेक नाग रहे। इस तरह युवतियों ने भी जोश और उत्साह से साथ भाग लिया। प्रथम रिंकी, द्वितीय तुलसी व तृतीय उर्वशी रही। इन सभी प्रतिभागियों को शील्ड देकर सम्मान किया गया।



इस अवसर पर एएसपी शैलेंद्र पांडे ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की जाती है जिससे युवा फिट रहे और सेना भर्ती में भाग लें। इस दौरान थाना परिसर में पौधरोपण किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहावा में थाना सिहावा द्वारा निबंध स्पर्धा का आयोजन किया गया। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। सिहावा थाना प्रभारी शरद ताम्रकार ने छात्र-छात्राओं को साइबर ठगी से बचने व यातायात के नियमों की जानकारी दी।

मौके पर डीएसपी विपिन रंगारी, सिहावा थाना प्रभारी शरद ताम्रकार, थाना स्टाफ सहित कर्णेश्वर महादेव ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता, जनपद सदस्य हनीफ खान, प्रवीण गुप्ता, शाला प्राचार्य एस आर साहू, दुष्यंत पुजारी, दिनेश यादव, संजय शांडिल्य, हेमंत साहू आदि मौजूद रहे।

# सरदार पटेल ने देश को एक सूत्र में पिरोया

- राष्ट्रीय एकता दिवस पर मगरलोड कालेज में छात्रों ने ली देश की अखंडता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



शासकीय यशवंतराव मेघावले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरूलकर ने छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई तथा देश की अखंडता, एकता और सुरक्षा बनाए रखने का संकल्प दिलाया। अपने उद्बोधन में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की अखंडता को एक सूत्र में पिरोने का जो कार्य किया, वह आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। राष्ट्रीय एकता हमारे देश की सबसे बड़ी शक्ति है और हमें सदैव जाति, धर्म, भाषा तथा प्रांत से ऊपर उठकर देश की एकता और अखंडता के लिए कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. घनश्याम देवांगन , कौसलेश ध्रुव, डॉ. यशोदा साहू, सुश्री निरूपा साहू, श्रीमती दिव्या देवांगन, डॉ. रमा चंद्राकर, दीपक कश्यप, विनोद कुमार, श्रीमती सुशीला साहू, श्रीमती अनीता साहू, नीरज साहू, सुश्री सुषमा टंडन, टामन लाल साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बागोडार का आंगनबाड़ी केंद्र भवन जर्जर




हरिभूमि न्यूज ⏭ कुकरेल(धमतरी)

ग्राम पंचायत लीलर के आश्रित ग्राम बागोडार का आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर होने के कारण बच्चों को अन्य जगह बिठाया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती ओम बाई एवं जागरूक नागरिक राजाराम, रोहित, विशेष कुमार, चन्द्रहास, निखिल, पोखन मरकाम ने शासन-प्रशासन से नवीन आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण की मांग की।

# कांग्रेसियों ने इंदिरा व पटेल को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय कांग्रेस भवन में भारतरत्न पूर्व प्रथम उपप्रधानमंत्री व गृहमंत्री स्व. सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती व भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की उपलब्धियों को याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।



इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव श्रीमती तारिणी नीलम चन्द्राकर ने कहा कि देश के अनमोल रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल व इंदिरा गांधी ने अपने संघर्ष, अदम्य साहस व सूझबूझ से देश को एकता, सद्भावना व विकास पथ पर में ले जाने में अमूल्य योगदान दिया। ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल लौह पुरुष व इंदिरा गांधी को लौह महिला का दर्जा उनके देश व विश्व में अमूल्य योगदान की वजह से दिया गया। दोनों महान विभूतियों के त्याग, तपस्या व बलिदान को हिंदुस्तान के इतिहास में सदैव याद किया जाता रहेगा। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, सुश्री राजकुमारी दीवान, प्रहलाद चन्द्राकर, रमेशर साहू, पार्षद अर्जुन धुव, मनोज अग्रवाल, चन्द्रप्रकाश देवांगन, लव चन्द्राकर, तुकेश साहू, तुलसीराम साहू, संतोष प्रजापति, पंकज जोशी, लेखराम साहू, अशोक साहू उपस्थित थे।

# पचपेड़ी में महिला कमांडो का गठन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

ग्राम पंचायत पचपेड़ी में महिला कमांडो का गठन पंचायत एवं सरपंच संघ के पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया था। ग्राम विकास समिति ने महिला कमांडो का सम्मान चंदन वंदन एवं श्रीफल भेंटकर किया। मौके पर जनपद उपाध्यक्ष सतीश जैन, सरपंच विनय साहू, उपसपंच राकेश पटेल, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष विजयगिरी गोस्वामी, उपाध्यक्ष गणेश गजपाल, बीआर साहू, धनंजय साहू, कमलेश साहू, ननकू निषाद, जगदीश साहू, वशिष्ठ साहू, लोमेश साहू, टीकम साहू, ईश्वर साहू, गिरिजाशंकर साहू, पन्ना साहू, राजू साहू, हीरालाल साहू, महिला कमांडो अध्यक्ष तिलेश्वरी यादव, उपाध्यक्ष ललिता साहू, प्रमिला साहू समेत सैकड़ों नागरिक उपस्थित थे।

छात्रों, जनप्रतिनिधियों संग पुलिस ने लगाई राष्ट्रीय एकता की दौड़

# रन फॉर यूनिटी : कुरुद में लगेगी सरदार पटेल की आदमकद प्रतिमा, नपा अध्यक्ष ज्योति ने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

पुलिस थाना परिसर कुरूद में भारत रत्न लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती अवसर पर रन फ़ॉर यूनिटी का आयोजन किया गया जिसमें नगर के युवाओं, व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, अधिकारी-कर्मचारियों, विद्यार्थियों के साथ पुलिस द्वारा एकता के संदेश देने थाना परिसर से कारगिल चौक तक दौड़ लगाई गई।




इस दौरान मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने कहा कि हम जिस आज़ाद भारत में एकता का संदेश देने आज सुख, शांति और समृद्धि के साथ जीवन यापन करने आगे बढ़ रहे हैं, उसमें सरदार पटेल का अविस्मरणीय योगदान है। इस अवसर पर पटेल जी की जीवनी को जीवंत बनाये रखने के लिए नगर के प्रमुख स्थान पर सरदार वल्लभभाई पटेल की आदमकद प्रतिमा लगाई जायेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीओपी रागिनी मिश्रा ने की। एकता दौड़ के बाद थाना परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता बनाये रखने का संकल्प लिया गया साथ ही राष्ट्रीय एकता दिवस शपथग्रहण का आयोजन कर देश की अखंडता एवं सुरक्षा बनाये रखने की शपथ ली गई।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, पार्षदगण कविता चन्द्राकर, राजकुमारी ध्रुव, अर्जुन ध्रुव, गणमान्य नागरिकगण सुरेश वर्धयानी, भारत साहू, कमलेश रेड्डी, संजु चन्द्राकर, रोशन निर्मलकर, तेजन साहू, बल्लू चन्द्राकर, खेमराज सिन्हा के अलावा तहसीलदार दुर्गा साहू, टीआई साहू, अधिकारी-कर्मचारीगण सहित गणमान्यजन उपस्थित थे।

# रामपुर स्कूल के छात्रों, शिक्षकों ने ली राष्ट्रीय एकता की शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ बगदेही(धमतरी)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इसके अंतर्गत विद्यालय में राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई एवं राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत की गई।

इस अवसर पर प्राचार्य आरके बघेल एवं व्याख्याता केके वर्मा ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर व्याख्याता आरके टंडन, एचके साहू, कके वर्मा, बीके निषाद, जेके साहू, जीके साहू, डीके साहू, पी शर्मा, एस साहू, जे ध्रुव, एल सोन, एम ठाकुर समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### पूर्व विधायक ने हस्ताक्षर फार्म सौंपा



**नगरी।** कांग्रेस के वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत पूरे प्रदेश में चल रहे हस्ताक्षर अभियान के तहत सिहावा की पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव ने प्रेमांशु प्रजापति जिला महासचिव युवा कांग्रेस को सिहावा विधानसभा से भरे हुए हस्ताक्षर फार्म को सौंपा।

### बारना में पीएम आवास के हितग्राहियों को सौंपी चाबी



**धमतरी।** ग्राम पंचायत बारना द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नवीन आवासों के हितग्राहियों को चाबी देकर का गृह प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर सरपंच दीपक कुमार पटेल, उपसरपंच मनीष कुमार पटेल, पंच कीर्तन पटेल, सचिव मनीराम साहू, रोजगार सहायक नोमेश साहू, आवास मित्र केवल यादव उपस्थित थे।

### भोथापारा स्कूल में देव वृक्ष आंवला का हुआ पूजन



**धमतरी।** आंवला नवमी पर्व पर कन्या आश्रम शाला भोथापारा में देव वृक्ष आंवला का पूजन कर प्रकृति देव ध्यान किया गया। आश्रम की देवकी नाग ने बताया कि आश्रम परिवार द्वारा प्रकृति को सजाने, संवारने के लिये नियमित वृक्ष गंगा अभियान चलाने, पेड़ पौधों की रक्षा सुरक्षा करने का संकल्प लिया गया।

### जानकी बनी छग निःशक्तजन वित्त विकास निगम की डायरेक्टर



**धमतरी।** धमतरी की सामाजिक कार्यकर्ता निवासी सुश्री जानकी गुप्ता को छत्तीसगढ़ निःशक्तजन वित्त विकास निगम में डॉयरेक्टर बनाया गया है। उन्होंने अपना पदभार संभाल लिया। इस संबंध में राज्य शासन ने आदेश जारी किया है। छत्तीसगढ़ निःशक्तजन वित्त विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया ने पुष्पगुच्छ देकर डायरेक्टर जानकी गुप्ता का स्वागत किया। उन्होंने दिव्यांग कर्मचारियों के साथ मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की और अपना पदभार संभाला।

### बाजार कुर्रीडीह स्कूल में राष्ट्रीय एकता की शपथ ली



**धमतरी।** शासकीय हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। व्याख्याता डॉ आशीष नायक ने बताया कि सर्वप्रथम विद्यालय में प्रार्थना के पश्चात पूरे शाला परिवार और विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन चरित्र के बारे में भी बताया गया कि कैसे उन्होंने हमारे देश को एक करने व एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य किया। हम सभी को वैसे ही अपने देश को एकता में बांधे रखने का कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर संस्था प्रमुख अभयराम ध्रुव, कमलेश निषाद, चुम्मन साहू, एसके नेताम ,भावना रामटेके, भगतराम मंडावी, भागीरथी समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना सबसे बड़ी सेवा : ओंकार



**धमतरी।** नगर पंचायत आमदी में भगवान धन्वंतरि के जयंती उत्सव एवं मिलन समारोह के अवसर पर निःशुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ग्रामीण जोन रुद्री द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू थे। विधायक श्री साहू ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान धन्वंतरि देव को आयुर्वेद और स्वास्थ्य का देवता माना जाता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है और समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना सबसे बड़ी सेवा है। श्री साहू ने आगे कहा कि स्वस्थ नागरिक ही सशक्त समाज की नींव रखते हैं। उन्होंने स्थानीय युवाओं और स्वयंसेवकों से जनसेवा की भावना के साथ आगे आने का आग्रह किया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा विभिन्न बीमारियों की जांच की गई और आवश्यक दवाइयां निःशुल्क वितरित की गईं। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर का लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहू, मनोज साहू, हेमंत माला, कोमल यादव, राजेश साहू, सतराम वाशानी, व्यास निषाद समेत नगर पंचायत के अधिकारी उपस्थित थे।

मुस्लिम समाज द्वारा आयोजित चिकित्सा शिविर का 760 मरीजों ने उठाया लाभ

# दृष्टिकोण साफ रखें, आस्था कभी कट्टरता पैदा नहीं करती : अजय





हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

मुस्लिम समाज कुरुद की युवा इकाई उजाला फाउंडेशन द्वारा ईदगाह मैदान आयोजित में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नगर सहित आसपास के 760 मरीजों ने पंजीयन कराका इलाज कराया। शुभारंभ पूर्व स्वास्थ्य मंत्री अजय चन्द्राकर ने किया। इस दौरान मरीजों को निःशुल्क दवाई भी वितरित की गई।

इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि आज के इस कार्यक्रम में समाज की महिलाओं की भागीदारी देख मुझे बेहद प्रसन्नता हो रही है। आधी आबादी को घर या परदे के पीछे रखकर हम खुद को समाज की मुख्य धारा में शामिल नहीं कर सकते।

अफगानिस्तान के महान चिंतक शायर जलालुद्दीन रुमी के विचारों का हवाला देकर श्री चन्द्राकर ने बताया कि आस्था कभी भी कट्टरता पैदा नहीं करती, यह बीमारी वहां फैलती है जहां दिमाग का इस्तेमाल नहीं होता। दृष्टिकोण साफ हो तो ऐसी सोच से बचा जा सकता है। उजाला फाउंडेशन की इस पहल को प्रशंसनीय बताते हुए उन्होंने कहा कि परम्परा और धार्मिकता के साथ साथ तालीम, तब्दीली को अपनाने से ही तरक्की के रास्ते खुलेंगे।

नपा अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर, वरिष्ठ भाजपा नेता शिवप्रताप ठाकुर ने भी मुस्लिम युवाओं की इस नई पहल का स्वागत किया। कार्यक्रम में जिला अस्पताल धमतरी, सिविल अस्पताल कुरुद, एम्स हॉस्पिटल रायपुर, संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल रायपुर, एमएमआई नारायण हॉस्पिटल रायपुर, हिशिकर हॉस्पिटल कुरुद का विशेष सहयोग रहा। हृदय रोग, बाल रोग, हड्डी रोग, नेत्र रोग, नाक-कान-गला, स्त्री रोग, कैंसर रोग, चर्म रोग, जनरल मेडिशीन और फिजियोथेरेपी के विशेषज्ञ उपस्थित थे। इस अवसर पर जिपं सदस्य नीलम चंद्राकर, रविकांत चंद्राकर, तारिणी चंद्राकर, मुस्लिम समाज प्रमुख अय्यूब खान, गफ्फार हालारी, सुलेमान हालारी, अहमद खान, सफी खान, कासम अली, मेहबूब खान, मोहम्मद यूसुफ, इकबाल खान, इमरान बेग, शेख यूनुस, शेख सरफ़राज़, लतीफ उस्मानी, फैय्याज खान, शेख जमील, शेख शाहबुद्दीन, इस्लाम रज़ा, हनीफ मो. सरफराज सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के महिला-पुरुष शामिल थे।

# बुनियादी सुविधाओं को तरस रहा चनागांव

- स्ट्रीट लाइट नहीं होने के कारण रात्रि में जानवरों का भय सताता है

हरिभूमि न्यूज ⏭कुकरेल(धमतरी)



आदिवासी विकासखंड नगरी के वनांचल के ग्राम चनागांव सघन वन से घिरा हुआ है। शाम होते ही सन्नाटा पसर जाता है। हजारों की संख्या वाले गांव में स्ट्रीट लाइट नहीं है जिनके कारण रात्रि में हिंसक जंगली जानवरों का भय सताते रहता है। सरपंच श्रीमती लोकेश्वरी शोरी तथा सरपंच प्रतिनिधि जितेंद्र शोरी ने बताया कि चना गांव जाने के लिए मुख्य सड़क मार्ग से एक ही वन मार्ग है जिसकी लंबाई लगभग 400 मीटर की होगी जहां पर सीसी रोड बनाने की अति आवश्यकता है। बरसात के दिनों में यहां दलदल हो जाता है और यह रास्ता बंद हो जाता है। कुछ दिन पहले लगभग डेढ़ सौ ट्रैक्टर मुरुम डालकर रास्ते को दुरुस्त किया गया।

चनागांव में उप स्वास्थ्य केंद्र तो है पर महिला परिचारिका नहीं होने के कारण यहां पर गर्भवती व शिशुवती माताओं को परेशानी होती है। ग्राम पंचायत में नियमित सचिव की आवश्यकता है। जो सचिव यहां पदस्थ हैं, उन्हें दो जगह प्रभार मिला हुआ है एक केरेगांव और दूसरा चना गांव। वे सप्ताह में दो-तीन दिन ही आते हैं जिसके कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। सरपंच प्रतिनिधि जितेंद्र शोरी ने बताया कि उप स्वास्थ्य केंद्र में अहाता अधूरा है जिन्हें लकड़ी की दीवार बनाकर संरक्षित किया गया है। इस स्वास्थ्य केंद्र में जंगली जानवरों तथा असामाजिक तत्वों के अंदर घुसने की संभावना हमेशा बनी रहती है। इसी तरह प्राथमिक शाला तथा माध्यमिक शाला का अहाता भी अधूरा पड़ा हुआ है जहां पर 200 मीटर अहाता बनाने की जरूरत है। सरपंच श्रीमती लोकेश्वरी शोरी ने बताया कि चना गांव के आश्रित गांव छिंदभर्री की गलियों में भी सीसी रोड बनाने की आवश्यकता है। चना गांव तथा छिंदभर्री के आंगनबाड़ी केंद्र भवन जर्जर होने के कारण आंगनबाड़ी रंगमंच में संचालित हो रही है। सरपंच प्रतिनिधि श्री शोरी ने चना गांव में स्ट्रीट लाइट, स्वास्थ्य केंद्र में परिचारिका, ग्राम पंचायत में नियमित सचिव तथा सीसी रोड व आंगनबाड़ी केंद्र भवन बनाने और उपस्वास्थ्य केंद्र में अधूरे अहाता को पूर्ण करने, स्कूल में 200 मी अहाता बनाने की मांग शासन-प्रशासन से की है।

# अतिक्रमण नहीं हटा तो होगा चक्काजाम

- तर्रागोंदी में घास जमीन पर कब्जा का मामला



**धमतरी।** घास जमीन पर अतिक्रमण को लेकर ग्राम पंचायत तर्रागोंदी के ग्रामीणों में आक्रोश है। सरपंच चोवाराम साहू सहित ग्रामीणों ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि भखारा तहसील के ग्राम तर्रागोंदी (सिलौटी) निवासी धनेश्वर साहू घास जमीन पर अतिक्रमण कर 2 डिसमिल जमीन पर मकान निर्माण करा रहा है। इसकी शिकायत न्यायालय तहसीलदार भखारा में की गई थी। तहसीलदार ने जांच में पाया कि 2 डिसमिल जमीन अतिक्रमण में है। तहसीलदार भखारा ने जांच प्रतिवेदन अपर कलेक्टर को प्रस्तुत किया है। प्रतिवेदन को पेश किए लगभग 2 वर्ष हो चुके हैं लेकिन अपर कलेक्टर से किसी प्रकार के निर्णय की जानकारी नहीं मिली है। कलेक्टर से प्रकरण पर उचित कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाने की मांग की है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने आगे कहा है कि 10 दिनों के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाने पर ग्रामीणों द्वारा उग्र आंदोलन कर चक्काजाम किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# स्वर्ण अक्षरों से लिखा जाएगा छत्तीसगढ़ के नए विधानसभा भवन का लोकार्पण : उमेश



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ के इतिहास में 1 नवंबर 2025 का दिन स्वर्णाक्षरों में अंकित हो जायेगा जब देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजधानी नया रायपुर (अटल नगर) में बने नए विधानसभा भवन का लोकार्पण करेंगे। भाजपा नेता उमेश साहू ने कहा कि यह राज्य निर्माण के 25 साल की यात्रा को समर्पित भव्य अनुष्ठान रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी जी के आगमन से पहले रायपुर को सजाया जा रहा रहा है। पारंपरिक छत्तीसगढ़ी वेश-भूषा में सजे कलाकार लोकनृत्य प्रस्तुत कर देश के प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। नया विधानसभा भवन लोकतंत्र का नया तीर्थ बनने जा रहा है। करीब 324 करोड़ की लागत से तैयार यह भवन अपनी वास्तुकला, तकनीकी सुविधा और छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक से देश भर में अद्वितीय रहेगा। यह भवन जनसेवा का अभियान और विकास की नई दिशा और आने वाले वर्षों में छत्तीसगढ़ देश की अग्रणी राज्यों की श्रृंखला में शामिल होगा। इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की भव्य प्रतिमा का अनावरण भी किया जाएगा। इस अवसर पर राज्य के विकास से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण भी किया जाएगा जिसमें सड़क, रेल, स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि क्षेत्र के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट शामिल होगा। विशेष रूप से ट्राइबल फ्रीडम फाइटर्स म्यूजियम का उद्घाटन किया जाएगा जो प्रदेश के आदिवासी वीरों के बलिदान की गाथा को अमर करेगी।

# छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति हमारी असली पहचान : डा. ध्रुव



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

छग स्थापना रजत जयंती वर्ष में रासेयो इकाई द्वारा शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में सुआ नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डा. मनदीप खालसा के निर्देशानुसार प्रभारी प्राचार्य डा. अश्वनी ध्रुव के संरक्षण में संपन्न हुआ। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. आरआर मेहरा, सहायक कार्यक्रम अधिकारी डा. दीपा देवांगन के संयोजन में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

प्रभारी प्राचार्य डा. अश्वनी ध्रुव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति हमारी असली पहचान है। सुआ नृत्य जैसे पारंपरिक नृत्य हमें हमारी जड़ों से जोड़ते हैं और नई पीढ़ी में संस्कृति के प्रति सम्मान जगाते हैं। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. आरआर मेहरा ने कहा कि विद्यार्थियों की रचनात्मकता और लोक संस्कृति के प्रति लगाव हमारी प्रदेश के उज्जवल भविष्य का संकेत है। सहायक कार्यक्रम अधिकारी डा. दीपा देवांगन ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना का विकास करते हैं। प्रो. जयराम कुर्रे ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों की रचनात्मकता को निखारने का माध्यम होते हैं। सुआ नृत्य हमारी मातृभूमि की आत्मा है जो प्रेम और श्रम संस्कृति का संदेश देता है।

विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति को सजीव कर दिया। प्रतियोगिता में चार समूहों ने भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान प्रियंका नेताम एवं साथी ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान आमीन एवं साथी ने प्राप्त किया।

कार्यक्रम का संचालन थरुण निशाद बीए प्रथम सेमेस्टर ने किया। डा. दीपा देवांगन ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों का यह प्रयास छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत बनाये रखने का एक सराहनीय कदम है। कार्यक्रम में प्रो. मोहित कुमार, प्रो. हितेशानंद ठाकुर, प्रो. कौशल नायक, प्रो. लोकेषश्वरी राठिया, प्रो. लालमन बेरवंश, डॉ. कविता, डॉ. संध्यारजनी मिश्रा, डॉ. अंबा शुक्ला, डॉ. ममता सौरज, श्रीमती उर्वशी साहू, डॉ. खेमचंद, डॉ. वेणु साहू, प्रमोद चौरे, सौरभ पाण्डे, डिलेश्वरी पटेल सहित स्वंयसेवक उपस्थित थे।

## शोक संदेश

मुस्कराहट का कोई मोल नहीं होता, कुछ रिश्तों का कोई तोल नहीं होता,
लोग तो मिल जाते हैं हर राह पर, पर हर कोई आपकी तरह अनमोल नहीं होता



जन्मतिथि 01/07/1959

निर्वाण 23/10/2025

अत्यंत दुखद वृतांत है कि मेरे पुज्य पति

**श्री यशकुमार चन्द्राकर**

का स्वर्गवास दिनांक 23.10.2025 दिन गुरूवार को हो गया है। विधि के विधान के आगे हम सब नतमस्तक हैं। अत: आप सह परिवार उपस्थित होकर ब्रम्हलीन आत्मा की शांति हेतु जलांजलि अर्पण कर प्रार्थना में सम्मिलित होने की कृपा करें।

**दशगात्र एवं संपूर्ण कार्यक्रम : 01.11.2025 शनिवार**

स्थान : ग्राम अछोटी, वि.खं. - कुरूद, जिला - धमतरी (छ.ग.)

तालाब कार्यक्रम : दोपहर 12.30 बजे तक संपन्न होगा

शोकाकुल परिवार -
बलराम, शिवनारायण, शिवकुमार, रूपल, अखिल, आलोक, किशोर, आनंद, प्रकाश, अतित, यमन, राकेश, भागवत, वासुदेव, गोपीकृष्ण, योगेश, मोनेश, सौरभ, ऋषभ, सागर एवं समस्त चन्द्राकर परिवार

- विनीत -
श्रीमती विमला चन्द्राकर (पत्नी)
आशुतोष चन्द्राकर (पुत्र)
श्रीमती सीतादेवी चन्द्राकर (मां)
श्रीमती मीरा चन्द्राकर (भाभी)
मो - 96854-01231

(कृपया साड़ी का व्यवहार न लाएं)

नोट - जिस किसी स्नेहीजनों को आमंत्रण ना मिला हो कृपया इसे ही निमंत्रण स्वीकार करें।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### जालमपुर स्कूल में राष्ट्रीय एकता दिवस मना

**धमतरी।** शासकीय माध्यमिक शाला जालमपुर में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। प्रधानपाठक दीपक शर्मा ने विद्यार्थियों को तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। श्री शर्मा ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जीवनी पर प्रकाश डाला। बताया कि श्री पटेल भारत के प्रथम गृह मंत्री थे। उन्होंने भारत की 562 रियासतों को एकता के सूत्र में एकीकृत करने का काम किया। मौके पर शिक्षिका श्रीमती के कामडे, सुश्री शैलेंद्री तुर्रे, तन्मय गोस्वामी उपस्थित थे। वार्ड पार्षद हेमंत बंजारे और संजय देवांगन ने वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### रासेयो से देश सेवा की भावना सुदृढ़ होती है

**कुरूद।** संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 2 की कार्यक्रम अधिकारी सुश्री रेणु पाटले के नेतृत्व में ग्राम पंचायत सेलदीप में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य डा. आर के पाण्डेय एवं जेबीएस सदस्य भोजराज चंद्राकर ने हरी झंडी दिखाकर शिविरार्थियों को शिविर स्थल के लिए रवाना किया। इस दौरान महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एमएस साहू, श्रीमती सरस्वती धृतलहरे, डा. हिटनारायण टंडन, अमित टण्डन, पवन ताम्रकार, कृपाराम साहू सहित जेबीएस सदस्य हेमराज सिन्हा उपस्थित रहे। शिविर का उदघाटन सरपंच भारत भूषण साहू ने किया।

महाराष्ट्र और एमपी से पहुंचा सैकड़ों टन गन्ना, तुलसी विवाह और मंडप सजावट में जुटे श्रद्धालु

# देवउठनी एकादशी पर बाजार में गन्ने की भारी मांग, 80 रूपए जोड़ी बिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

देवउठनी एकादशी के शुभ अवसर पर शहर और ग्रामीण अंचल में धार्मिक उत्साह देखते ही बन रहा है। भगवान विष्णु के चार महीने की योग निद्रा से जागने के दिन की इस परंपरा के चलते शुक्रवार से ही धमतरी बाजार में गन्ने की खरीदारी का जोश बढ़ गया। तुलसी विवाह और मंडप के लिए श्रद्धालु और व्यापारी गन्ने के लिए बाजार में जुटे।

जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश से सैकड़ों टन गन्ना ट्रकों से धमतरी पहुंचा। स्थानीय व्यापारियों ने इसे हाथों-हाथ खरीद लिया। गन्ने की गुणवत्ता उत्तम बताई गई , रसदार और लाल रंग का गन्ना 70 से 80 जोड़ी के भाव से बिक रहा था। शहरवासियों के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी तुलसी विवाह और मंडप सजावट के लिए गन्ना खरीदने धमतरी पहुंचे।



व्यापारी महादेव कुमार और कैलाश नाग ने बताया कि इस बार बिक्री अपेक्षा से अधिक रही और दो दिन पहले ही बाजार में गन्ने की आपूर्ति शुरू हो गई थी। गन्ने की तादाद इतनी अधिक थी कि दूर-दराज के गांवों से लोग खरीदारी करने पहुंचे। श्रद्धालु अपने घरों में तुलसी विवाह के मंडप सजाने के लिए पहले से ही गन्ना खरीद चुके हैं।

पंडित राजकुमार तिवारी के अनुसार देवउठनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु योग निद्रा से जागते हैं और इसे शुभ कार्यों की शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। इस दिन तुलसी माता और शालिग्राम का विवाह कर श्रद्धालु धर्म, सुख और शांति की कामना करते हैं। देवउठनी के बाद विवाह, गृह प्रवेश, सगाई और अन्य शुभ कार्य आरंभ किए जा सकते हैं।

धमतरी अंचल में इस पर्व को श्रद्धा और परंपरा के साथ मनाया जा रहा है। बाजार से लेकर घरों तक तैयारी जोरों पर है और स्थानीय व्यापारी गन्ने की आपूर्ति सुनिश्चित करने में जुटे हैं। इस बार गन्ने की बढ़ी हुई उपलब्धता और उत्तम क्वालिटी ने खरीदारों और व्यापारियों दोनों का उत्साह बढ़ा दिया है।

# ग्रामीण विकास को मिलेगी नई गति

- जिपं अध्यक्ष सार्वा के प्रयास से 82 .45 लाख की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण कुमार सार्वा के प्रयास और अनुशंसा के परिणामस्वरूप जिले को मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के तहत 82.45 लाख रुपये के विभिन्न निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्राप्त हुई है। विकासखंड धमतरी के ग्राम पंचायत अरौद ली में शेड निर्माण, विकासखंड कुरूद के ग्राम पंचायत चिंवरी में अटल समरस भवन निर्माण, ग्राम पंचायत जोरातराई (सी) में शेड निर्माण, विकासखंड नगरी के ग्राम पंचायत भुरसीडोंगरी, भीतररास, घाठुला एवं राजपुर में शेड निर्माण तथा भुरसीडोंगरी में सीसी रोड निर्माण, विकासखंड मगरलोड के ग्राम पंचायत करेलीछोटी में नाली निर्माण शामिल है।

इस अवसर पर श्री सार्वा ने कहा कि मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के माध्यम से राज्य सरकार गांव-गांव में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। धमतरी जिले में स्वीकृत इन विकास कार्यों से ग्रामीणों को न केवल सुविधा मिलेगी, बल्कि सामुदायिक एकजुटता भी बढ़ेगी। इन विकास कार्यों की स्वीकृति पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, उपाध्यक्ष अकबर कश्यप, विकल गुप्ता, रविशंकर दुबे, कमल डागा, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, नगरी मंडल अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, मगरलोड मंडल अध्यक्ष रोहित मोहन साहू, कुकरेल मंडल अध्यक्ष संजय मरकाम, महामंत्री मंडल नगरी रूपेंद्र साहू, श्रीमती सुलोचना साहू, मंडी अध्यक्ष गिरवर भंडारी, श्रीमती हेमलता साहू, सरपंच नागेंद्र बोरझा, जन्मजय साहू ने हर्ष जताया है।

# माड़मसिल्ली डेम में होगा सुविधाओं का विस्तार

- कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने निरीक्षण कर चल रही तैयारियों की समीक्षा की
- कलेक्टर ने वाहन पार्किंग का भुगतान यूपीआई के माध्यम से किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल माड़मसिल्ली डेम में पर्यटन सुविधाओं के विस्तार और मूलभूत व्यवस्थाओं के विकास को लेकर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने निरीक्षण किया। उन्होंने क्षेत्र में चल रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगरी एसडीएम सुश्री प्रीति दुर्गम, संबंधित विभागों के अधिकारी, इको-टूरिज्म प्रबंधन समिति के सदस्य और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

कलेक्टर ने डेम परिसर में पर्यटकों के लिए शौचालय, पार्किंग, साइन बोर्ड, पर्यटन शेड, सीढ़ियों पर गेट तथा खाद्य-पेय की दुकानों जैसी सुविधाएं विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय ग्रामीण इस स्थल की जिम्मेदारी को अपनाते हुए पर्यटकों के साथ सौहार्द्रपूर्ण व्यवहार करें और सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें।

पर्यटन स्थल को आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में कलेक्टर ने पार्किंग शुल्क का भुगतान यूपीआई से कर डिजिटल भुगतान व्यवस्था की शुरुआत की। उन्होंने पार्किंग बेरियर पर बारकोड लगाने के निर्देश दिए ताकि पर्यटक भी अब डिजिटल माध्यम से भुगतान कर सकें। यह पहल पारदर्शिता और सुविधा बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षित टूरिस्ट गाइड के रूप में प्रमाणपत्र प्रदान करते हुए कलेक्टर ने कहा कि इससे उन्हें रोजगार के अवसर मिलेंगे और पर्यटकों को बेहतर मार्गदर्शन प्राप्त होगा। उन्होंने ग्रामीणों से स्वच्छता, व्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय सहयोग की अपील की। कलेक्टर ने कहा कि माड़मसिल्ली डेम का समग्र विकास न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था और आजीविका को भी नई दिशा प्रदान करेगा।

# शहर की दीवारों पर कलाकार उकेर रहे कलाकृतियां







- सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग बनाने वाले व्यक्ति को मिलेगा 21,000 रूपए का पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला प्रशासन एवं नगर निगम धमतरी के संयुक्त तत्वावधान में पेंट द सिटी (चमकारी) अभियान के तहत शहर की चयनित दीवारों पर वॉल पेंटिंग का आयोजन किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य शहर की दीवारों को आकर्षक चित्रों के माध्यम से सुंदर और जीवंत बनाना है।

### जिला प्रशासन एवं निगम की अनूठी पहल

इस आयोजन में प्रतिभागियों को चिन्हांकित दीवारों पर बॉक्स के रूप में क्षेत्र दिया गया है, जहां वे अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रतिभागी अपनी रचनात्मकता और रंगों के माध्यम से सामाजिक संदेशों, संस्कृति और स्वच्छता की झलक को चित्रों में उतार रहे हैं। दीवारों पर बन रहे ये शानदार चित्र न केवल शहर की सुंदरता बढ़ा रहे हैं, बल्कि राहगीरों का ध्यान भी आकर्षित कर रहे हैं।

आगामी 2 नवंबर को प्रतियोगिता का फाइनल राउंड आयोजित होगा। मतलब इस दिनाक तक सभी प्रतिभागी को अपनी पेंटिंग पूर्ण करनी होगी। बारिश के मौसम को देखते हुए ऐसा निर्णय लिया गया है। इसमें सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग बनाने वाले कलाकार या व्यक्ति को 21,000 व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 15000 रूपए का पुरस्कार दिया जाएगा।

नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि पेंट द सिटी जैसे आयोजन न केवल शहर के सौंदर्यीकरण में सहायक हैं, बल्कि स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर भी प्रदान करते हैं। इस अभियान से धमतरी की दीवारें अब रचनात्मकता और चमकारी के रंगों से सराबोर होती नजर आ रही हैं। प्रतियोगिता की शुरआत करने के लिए आयुक्त प्रिया गोयल, उपायुक्त पीसी सार्वा, प्रभारी कार्यपालन अभियंता महेंद्र जगत, एमआईसी सदस्य विभा चंद्राकर, पार्षद चंद्रभागा साहू, उप अभियंता कमलेश ठाकुर, नोडल अधिकारी शशांक मिश्रा व नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

# देमार में बनेगा भव्य जिला सतनाम भवन



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सतनामी समाज का जिला सतनाम भवन ग्राम देमार में बनेगा। ज्ञात हो कि 30 अगस्त को सतनामी समाज के कार्यकारी जिलाध्यक्ष विजय सोनवानी व पदाधिकारियों ने सतनामी समाज के धर्मगुरू गुरू खुशवंत साहेब (कैबिनेट मंत्री छग शासन से मुलाकात कर भवन के लिए 5000000 रूपये की मांग की थी। समाज के आग्रह को स्वीकार कर गुरू खुशवंत ने ग्राम देमार में ही जिला सतनाम भवन बनाए जाने पर सहमति दी है।

मुलाकात के दौरान सतनामी समाज के कार्यकारी जिलाध्यक्ष विजय सोनी, संचालक मंडल सदस्य रामेश्वर कुर्रे, चन्द्रप्रकाश पटेला, डॉ. रोहित कुर्रे, छन्नू महिलांगे, परमानंद कुर्रे, जिला सचिव मणिकांत जोशी, धमतरी ब्लाक अध्यक्ष राजेन्द्र भारती, सचिव भगवान सिंग सोनवानी, भखारा ब्लाक अध्यक्ष तेजेश्वर कुर्रे, जिला उपाध्यक्ष भुवन गायकवाड़, मगरलोड ब्लाक अध्यक्ष तोरण, रूमान कुर्रे, देवनारायण, परमेश्वर जांगड़े, ब्लाक उपाध्यक्ष गुहरीराम बंजारे, ग्राम देमार अध्यक्ष मोहन गंजारे, जिला संगठन मंत्री मोहन जांगड़े, जितेन्द्र जांगड़े, गणेश बांधे, लीलाराम कुर्रे, अवध महिलांगे, कोमल संभाकर, मिथिलेश गायकवाड़ उपस्थित थे।

# राष्ट्र को एकजुट करने में सरदार पटेल का अमूल्य योगदान : डॉ. रीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



कॉम्पटेक महाविद्यालय में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती और भारतीय राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूरे होने पर छात्र-छात्राओं द्वारा भारत के लौह पुरुष को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वंदे मातरम गीत का सामूहिक गान किया गया। महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ रीना नामदेव द्वारा आज के दिन की महत्ता को छात्र - छात्राओं से साझा किया गया।

बताया कि राष्ट्र को एकजुट करने में सरदार पटेल का अमूल्य योगदान रहा है। सभी ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# घनी आबादी के बीच मोबाइल टावर लगाने का विरोध

**धमतरी।** टिकरापारा वार्ड क्रमांक 33 के रहवासी मोबाइल टावर निर्माण को लेकर विरोध में उतर आए हैं। जानकारी के अनुसार वार्ड के एक निवासी द्वारा अपने खुले प्लॉट में मोबाइल टावर का निर्माण कराया जा रहा है, जिसके विरोध में स्थानीय नागरिकों ने जिलाधीश को लिखित आवेदन सौंपा है।

आवेदन में बताया गया है कि यह क्षेत्र पूर्णतः रिहायशी है, जहां बच्चों, गर्भवती महिलाओं और वृद्धजनों की संख्या अधिक है। वार्डवासियों का कहना है कि मोबाइल टावर से निकलने वाले विकिरण (रेडिएशन) मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक सिद्ध हो सकते हैं, जिससे भविष्य में गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा आवासीय इलाकों में ऐसे हानिकारक यूनिट की अनुमति न दी जाए।



रिबीका जुरी, पार्षद मदन नेवारे, खोमन मुंजेवार, एंजिला सिंह, अभिषेक मसीह, कमलेश सिंह समेत अन्य वार्डवासियों ने हस्ताक्षर कर यह ज्ञापन सौंपा है। स्थानीय निवासियों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन इस मामले में शीघ्र हस्तक्षेप कर नागरिकों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के हित में आवश्यक कदम उठाएगा।

### हरिभूमि माह अक्टूबर 2025 का मासिक बिल

| दिन | दर | राशि |
|---|---|---|
| 29 दिन | 5.00 | 145.00 |
| | कुल | 145.00 |

हरिभूमि के सुधि पाठक अक्टूबर 2025 का अखबार बिल अपने एजेंट के पास 06 तारीख तक जमा कर सहयोग करें।

व्यवस्थापक

### मुरा में शेड निर्माण, सामुदायिक आदिवासी भवन का भूमिपूजन

**जीजामगांव।** अजय चंद्राकर की अनुशंसा पर ग्राम पंचायत मुरा में शेड निर्माण, सामुदायिक आदिवासी भवन का भूमिपूजन किया गया। अतिथि जिला पंचायत धमतरी उपाध्यक्ष गौकरण साहू, सचिव कुणाल देवागन, राकेश साहू सरपंच थे। विधायक अजय चंद्राकर द्वारा नाली निर्माण 15वें वित्त पंचायत, पौधरोपण कार्य 15 वें वित्त पंचायत, पेयजल और पौधरोपण कार्य स्थल में बोर फिटिंग 15 वें वित्त, रंगमंच निर्माण धरसापारा विधायक निधि, रंगमंच निर्माण बाजार चौक पिछड़ा वर्ग ग्रामीण विकास, शेड निर्माण मंडी बोर्ड, आदिवासी पारा सामुदायिक भवन मुख्य मंत्री मद का लोकार्पण किया जाएगा।



















